हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

11 डेली डायरी के विरोध में शिक्षकों ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन



12 प्राइवेट बस परमिट देने के विरोध में रोडवेज कर्मी



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत

**नारनौल।** कनीना क्षेत्र के गांव उन्हाणी में महिला कॉलेज के समीप ऑटो पलटने से चालक की मौत हो गई। पुलिस ने हादसे की कार्रवाई करने उपरांत शव का जिला नागरिक अस्पताल नारनौल से पोस्टमार्टम कराया तथा उसे परिजनों को सौंप दिया। कनीना मंडी निवासी करीब 46 वर्षीय राजेश सैनी ऑटो चलाता था और वह उन्हाणी कॉलेज के समीप हादसे का शिकार हो गया। हादसे में घायल हुए चालक राजेश सैनी को आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया तथा इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन अस्पताल में पहुंचे, तब वह बातचीत तो कर रहा था, लेकिन सही जवाब नहीं दे पा रहा था। गंभीरावस्था के चलते चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया, लेकिन बाद में उसने दम तोड़ दिया।

### कृष्णनगर कॉलेज में साक्षात्कार आज से

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय कृष्णनगर में अप्रिंटिशिप के लिए जिन प्रशिक्षुओं ने अपना ऑनलाइन आवेदन किया है। वे प्रशिक्षु 18 अप्रैल से 22 अप्रैल तक साक्षात्कार हेतु महाविद्यालय में प्रातः 10 बजे पहुंचे। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रशिक्षु के साक्षात्कार पर विचार नहीं किया जाएगा। साक्षात्कार के समय सभी अपने मूल दस्तावेज जैसे 10वीं, 12वीं, आईटीआई, प्रमाण पत्र, हरियाणा निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पास व अन्य दस्तावेज सहित महाविद्यालय में उपस्थित हो।

### साइबर फ्रॉड मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** थाना निजामपुर पुलिस ने साइबर फ्रॉड के मामलों में क्यूआर कोड के माध्यम से 27 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान रिजवान व अजरूद्दीन वासी जिला नूह मेवात के रूप में हुई। आरोपित रिजवान के खिलाफ भिवानी व नूह में ओर भी साइबर फ्रॉड व हत्या के प्रयास के मामले दर्ज हैं तथा आरोपित अजरूद्दीन के खिलाफ नूह व राजस्थान में हत्या का प्रयास, लूट डकैती व आर्म्स एक्ट के तहत अन्य मामले दर्ज हैं।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जॉब मेला आज

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 18 अप्रैल को जॉब मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें बीएएक्सवाई प्राइवेट लिमिटेड कंपनी भिवाड़ी की ओर से विभिन्न ट्रेड के छात्रों का अप्रेंटिस व ट्रेनी ऑपरेटर के तौर पर चयन किया जाएगा। प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि छात्र दस्तावेज सहित आईटीआई में पहुंचना सुनिश्चित करें।

### डीटीपी ने 13 एकड़ से अवैध निर्माण हटाया

**नारनौल।** जिला नगर योजनाकार टीम ने वीरवार को शहरी क्षेत्र में राजस्व सम्पदा गांव दयानगर कॉलोनी के सामने लगभग 13 एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में लगभग 45 डीपीसी, आठ चारदीवारी व दो अवैध निर्माण के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए।

### नपा उप-प्रधान पद के लिए आज होगा चुनाव

**मंडी अटेली।** नगरपालिका अटेली मंडी में उप-प्रधान पद के लिए चुनाव आज 18 अप्रैल को होंगे। एसडीएम रमित यादव ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार एक प्रस्तावक और एक समर्थक के साथ नामांकन भर सकते हैं। चुनाव की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू होगी। सुबह 10 से 11 बजे तक नगरपालिका की बैठक होगी। 11 से साढ़े 11 बजे तक नामांकन पत्र लिए जाएंगे। 12 बजे तक पत्रों की जांच होगी।


## भवन मालिकों के लिए चेहरा देख टीका निकालने वाली कहावत चरितार्थ कर रहा नप प्रशासन

# नॉर्म्स को पूरे किए बिना शहर में बन गई अनगिनत बिल्डिंग बहुमंजिला इमारतों में पार्किंग की जगह बेसमेंट में दुकानें!

सतीश सैनी ▶▶| नारनौल

कोई भी निर्माण करने के लिए नगर परिषद की अनुमति जरूरी है। इसके लिए नक्शा पास करना जरूरी है। बिना नक्शा पास कराए निर्माण करना गैर कानूनी है।

नारनौल शहर में ऐसा नजारा कम ही देखने को मिल रहा है। नगर परिषद क्षेत्र में बिना अनुमति के अवैध निर्माण हो रहे है। बिना नक्शा पास कराए ही शहर में रोजाना दर्जनों निर्माण हो रहे है। इनमें मकान भी शामिल है और दुकान भी। नियमों की दरकिनार कर शहर में न केवल कई मंजिला भवन बन रहे है बल्कि बेसमेंट तक बनाए जा रहे है। नगर परिषद हालांकि नोटिस देकर अपनी ड्यूटी बजा रहा है बावजूद इसके न तो लोग अवैध निर्माण करने से रूक रहे है और न ही नक्शे पास करा रहे है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि नक्शा पास कराने के लिए आवेदन करने वालों की संख्या बहुत कम है। शहर में भले ही बहुमंजिला इमारतें बनी है लेकिन इनमें किसी तरह का हादसा या आपात स्थिति होने पर प्रशासन बचाव करने में असक्षम साबित होगा। क्योंकि बचाव के जरूरी संसाधनों का प्रशासन के पास अभाव है। दमकल विभाग के पास बचाव के लिए भवन की छत या तीन मंजिला से ऊपर पहुंचने तक की सुविधा नहीं है। आपको बताते चले कि घरेलू भवन के लिए 201 रुपये प्रति गज व कॉमर्शियल भवन के लिए 600 रुपये प्रति गज विकास शुल्क के रूप में नगर परिषद पैसा वसूलती है।




### जिन भवनों में पहले सील लगी, नॉर्म्स पूरा किए बिना खुली!

नगर परिषद क्षेत्र में ऐसे अनगिनत भवन है जो कॉमर्शियल तौर पर बहुमंजिला खड़े कर दिए गए है। कागजों में इन बहुमंजिला भवनों के अंदर पार्किंग व्यवस्था भी है। वह बात अलग है कि जब धरातल पर जाकर जांच हो तो कहीं भी पार्किंग नजर नहीं आएगी। महेंद्रगढ़ रोड, रेवाड़ी रोड, सिंघाना रोड, निजामपुर रोड जैसे शहर के मुख्य मार्गों के अलावा शहर के अंदरूनी हिस्सों में इस तरह के भवन है। ऐसा भी नहीं है कि नगर परिषद इस मामले में कुछ नहीं करती। नोटिस दिया जाता है। कई दफा ऐसा भी हुआ कि भवनों को सील तक किया गया। जिन प्वाइंटों का जिक्र करके सील लगाई जाती है, कुछ दिनों बाद बिना नॉर्मस पूरा किए सील को खोल भी दिया जाता है। अगर जांच सही तरीके से की जाए तो ऐसे अनगिनत भवन है जिन्होंने अपने भवनों में पार्किंग दिखाई हुई है और दुकानें चलाई जा रही है।

### मार्च 2019 में दी थी यह राहत

*प्रदेश के शहरों में बिना नक्शा पास करवाएं निर्मित व्यवसायिक भवन मालिकों को मनोहर सरकार ने मार्च 2019 में राहत दी थी। शहरों में अवैध व्यवसायिक निर्माण को नियमतिकरण की नीति के तहत गत जून 2018 में मंजूर कर लिया था। इस प्रक्रिया में ऐसे निर्माणों को एक बार में नियमित किए जाने की नीति के तहत सरकार ने कैबिनेट में दरों को मंजूरी प्रदान की। प्रदेश भर में स्थापित पुनर्वास कालोनियां मसलन माडल टाउन तथा वर्ष 1980 से पूर्व टाऊन प्लानिंग स्कीम, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के लिए वर्ष 2016 में रिहायशी भवन को व्यवसायिक भवन में बदलाव की नीति मंजूर करते हुए दर निर्धारित की गई थी, इसमें भी 50 प्रतिशत की कमी की गई।*

## अनाजमंडी में फसल खरीद कार्य को लेकर व्यापारियों में रोष

# कनीना मार्केट कमेटी के सचिव व मंडी सुपरवाइजर पर अवैध वसूली के आरोप

*ग्रेस पीरियड में मार्केट कमेटी प्रशासन खरीद कार्य में हिस्सा लेने से किसी भी आढ़ती को वंचित नहीं कर सकता, लेकिन मार्केट कमेटी सचिव व मंडी सुपरवाइजर जानबूझकर रंजिशवश ऐसा कर रहे हैं। उच्च अधिकारियों को भेजी गई शिकायत में उन्होंने भ्रष्ट सचिव विजय सिंह व मंडी सुपरवाइजर सतीश कुमार के खिलाफ कठौर कार्रवाई करने की मांग की है।*




शिकायतकर्ता धर्मबीर सिंह।

- आढ़ती की ओर से अवैध वसूली का पैसा न देने पर फसल खरीद कार्य से किया जा रहा वंचित
- पीड़ित आढ़ती ने सीएम सहित उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

मंडी में फसल खरीद कार्य को लेकर व्यापारियों ने मार्केट कमेटी के सचिव व मंडी सुपरवाइजर पर चार रुपये प्रति बैग के हिसाब से अवैध वसूली करने के गंभीर आरोप लगाए है।

इसे न देने पर उन्होंने मार्केट कमेटी कर्मचारियों की ओर से फिलहाल चल रही सरसों व गेहूं की खरीद कार्य में हिस्सा लेने से वंचित करने की बात भी कही है। इस बारे में उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड के मुख्य प्रशासक पंचकूला, जेड गुरुग्राम, उपायुक्त नारनौल, एसडीएम कनीना सहित सीएम विंडो पर दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि कनीना मंडी में उनकी ओर से बाबा उमन सिंह व डिम्पल ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से खरीफ व रबि फसल की खरीद की जाती है। उन्होंने शिकायत में बताया कि बीते अक्टूबर माह में खरीफ फसल खरीद के दौरान मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह व मंडी सुपरवाइजर सतीश कुमार की ओर से चार रुपये प्रति बैग के हिसाब से 60 हजार रुपये अवैध वसूली अथवा रिश्वत मांगी थी। जिसे न देने पर अब उन्हें खरीद कार्य से वंचित कर दिया है। उनके लाइसेंस को भी रद्द करने की धमकी दी जा रही है। मार्केट कमेटी की ओर से फसल खरीद के टोकन बंद कर दिए। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 2024 में बाजरे की खरीद के समय इन कर्मचारियों ने नाजायज रूप से दबाव बनाकर 60 हजार रुपये रिश्वत तथा गेट पास जारी करने के अलग से पैसे मांगे थे। जिसे न देने पर लाइसेंस रद्द करने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित आढ़ती ने कहा कि आढ़त लाइसेंस रिन्यु करवाने में 30 अप्रैल तक का समय होता है। इस ग्रेस पीरियड के दौरान तक वह किसानों से फसल खरीद कार्य कर सकता है। 30 अप्रैल के बाद मार्केट कमेटी कार्यालय की ओर से आढ़ती को लाइसेंस रिन्यु करवाने के लिए नोटिस जारी किए जाते हैं। लाइसेंस रिन्यु करवाने पर 600 रुपये लेट फीस अदा करनी पड़ती है। ग्रेस पीरियड में मार्केट कमेटी प्रशासन खरीद कार्य में हिस्सा लेने से किसी भी आढ़ती को वंचित नहीं कर सकता, लेकिन मार्केट कमेटी सचिव व मंडी सुपरवाइजर जानबूझकर रंजिसवश ऐसा कर रहे हैं। शिकायत में उन्होंने भ्रष्ट सचिव विजय सिंह व मंडी सुपरवाइजर सतीश कुमार के खिलाफ कठौर कार्रवाई करने की मांग की है।



कनीना। धर्मबीर सिंह की ओर से अधिकारियों को भेजी गई शिकायत।

### क्या कहते हैं मार्केट कमेटी सचिव



*इस बारे में मार्केट सचिव विजय सिंह ने बताया कि मार्केट कर्मचारी फसल खरीद के समय मंडी गेट पर की गेटपास जारी करते हैं, जो किसान आकर उन्हें जिस फर्म का नाम लेकर गेटपास जारी करने की कहते हैं, उसी का जारी कर दिया जाता है। धर्मबीर सिंह के नाम से दो फर्म संचालित हैं, जिनका लाइलेंस 31 मार्च 2025 को हो चुका है। इसकी ओर से दरखास्त आदि दस्तावेज दिए जाएंगे, इसके बाद लाइसेंस को रिन्यु कर दिया जाएगा। उनकी ओर से फसल खरीद से वंचित नहीं किया गया है। विजय सिंह, सचिव*

### क्या कहते हैं मंडी सुपरवाइजर

मंडी सुपरवाइजर सतीश कुमार ने बताया कि धर्मबीर सिंह की ओर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वे बेबुनियाद हैं। उनसे यह एच रजिस्टर भी सत्यापित करवा कर ले गया था। दो दिन पूर्व उसने गेटपास जारी करवाने की दलील दी थी, जहां भीड़भाड़ थी। व्यवस्था के मुताबिक उनकी बारी आने पर गेटपास जारी करने को कहा था। जिस पर वह तैश में आ गया तथा वहां से चला गया।

### क्या कहते हैं मुख्य प्रशासक

इस बारे में मार्केटिंग बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश कुमार आहुजा ने बताया कि उनके संज्ञान में यह घटनाक्रम आया है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच कारवाई जाएगी। दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।



नारनौल। कांफ्रेंस हॉल में मीटिंग करते बिजली कर्मचारी यूनियन के सदस्य।

### एचकेआरएन कर्मचारियों को हटाने की कड़ी निंदा

**नारनौल।** ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की सर्कल नारनौल की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक सिंघाना रोड स्थित एसई कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में हुई, जिसकी अध्यक्षता सर्कल सचिव किरोड़ीमल सैनी ने की। बैठक में विशेष रूप से यूनियन राज्य चेयरमैन देवेंद्र हुड्डा व राज्य उपप्रधान अशोक नेहरा उपस्थित थे। बैठक में नारनौल यूनिट व महेंद्रगढ यूनिट के पदाधिकारी तथा सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल कुमार यादव एवं रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य सचिव धर्मपाल शर्मा ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए देवेंद्र हुड्डा, अशोक नेहरा, बिरेंद्र प्रधान व महेंद्रगढ़ यूनिट प्रधान विनोद कुमार यादव ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि निगम मैनेजमेंट व हरियाणा सरकार तथा केंद्र सरकार की उन्होंने बताया कि एचकेआरएन के लगे हुए कर्मचारियों को सीएम नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा हटाए जाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा की।

## पुलिस ने चलाया विशेष बाइक चैकिंग अभियान, चालान काटे व इंपाउंड भी की



**नारनौल।** पुलिस की ओर से शहर क्षेत्र में विशेष वाहन चैकिंग अभियान चलाया। निरीक्षक मूलचंद व उनकी टीम ने शहर क्षेत्र में विशेष बाइक चैकिंग अभियान चलाकर गहनता से बाइकों के कागजात चेक किए। यह अभियान सुबह से लेकर दोपहर तक करीब चार घंटे शहर के विभिन्न स्थानों व मार्गों पर चलाया गया। इस अभियान में यातायात पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस की टीमों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। टीमों ने शहर क्षेत्र में बस स्टैंड, कोचिंग एकेडमी व अन्य चौक, मार्गों पर सभी दोपहिया वाहनों की गहनता से जांच की। इस दौरान वाहनों के पंजीकरण प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर क्षेत्र में बाइक चोरी जैसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान करना था। पुलिस ने इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व बिना उचित दस्तावेजों वाले वाहन चालकों के चालान काटे तथा कुछ वाहनों को इंपाउंड भी किया। करीब चार घंटे तक चलाए गए इस विशेष अभियान में पुलिस टीम ने करीब 150 बाइकों की जांच की। जिनके कागजात गहनता से जांचे गए। टीमों की ओर से बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों की भी जांच की गई। चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 32 बाइकों के चालान किए व दो बुलेट बाइक सहित छह बाइकों को इंपाउंड किया। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा व जिले में अपराध नियंत्रण पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

[ पोलियो के इंजेक्शन की अधिक डोज दी ]

## पांच माह के बच्चे की मौत होने की आशंका



महेंद्रगढ़। नागरिक अस्पताल में मौजूद बच्चे के परिजन व ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव देवास निवासी पांच महीने के बच्चे की पोलियो के इंजेक्शन की अधिक डोज देने से मौत होने की सूचनाएं मिली है।

गांव देवास पीएचसी सेंटर पर एक महिला अपने बच्चे को पोलियो का इंजेक्शन दिलवाया था। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन में ज्यादा डोज देने और ठीक से न लगाने के कारण बच्चे की मौत हुई है। बच्चे की परिजनों की शिकायत पर पुलिस आगामी कार्रवाई में लगी हुई हैं। पुलिस ने शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। गांव देवास निवासी बलबीर ने पुलिस में दिए अपने बयान में बताया कि उसका पोता आरव पांच महीने का है। 16 अप्रैल को उसको पोलियो का इंजेक्शन दिलवाने के लिए गांव के पीएचसी सेंटर पर शाम करीब तीन बजे उसकी बहू काजल और उसकी मां गीता लेकर गई थी। वहां पर उसके पोते को एक महिला कर्मचारी ने टीका लगाया और उसके बाद वह घर आ गए। घर आने पर उसका पोता बेहोश हो गया।



मृतक आरव

## पुल बाजार पर बनी 27 दुकानों का भी निरीक्षण किया

# एडीसी ने किया छलक नाले का निरीक्षण, 3.5 किलोमीटर लंबे नाले के अधूरे कार्य होंगे पूरे

### सभी बिंदुओं का बारीकी से किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने वीरवार को शहर के बीच से गुजर रहे छलक नाले के रूके हुए कार्य को शुरू करवाने के लिए लगभग 3.5 किलोमीटर लंबे नाले का पैदल घूमकर खुद निरीक्षण किया।

इस मौके पर नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी भी मौजूद रही। एडीसी ने नगर परिषद के अधिकारियों को साथ लेकर सबसे पहले निजामपुर रोड से शुरू हो रहे छलक नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित फर्म के ठेकेदार को साथ लेकर सभी बिंदुओं का बारीकी से पैदल घूमकर निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस नाले के कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। एडीसी ने पुल बाजार पर बनी 27 दुकानों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की पुल बाजार तक के अधूरे पड़े नाले को पहले पूरा किया जाए। इसके अलावा इसे आईटीआई तक कवर किया जाए, ताकि लोगों को इसका फायदा मिले। एडीसी निजामपुर रोड के नजदीक स्थित एक कॉलोनी में बारिश के दिनों में खड़े होने वाले पानी की समस्या का समाधान करने के लिए छलक नाले तक पाइप लाइन बिछाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाले के आसपास जो भी विवादास्पद जमीन है, उसकी निशानदेही करवाई जाए।



नारनौल। छलक नाले का निरीक्षण करते एडीसी डा. आनंद कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### टाइम एक्सटेंशन की फाइल मंजूर होने का इंतजार

*उन्होंने बताया कि छलक नाले के रूके हुए कार्य को शुरू करवाने के लिए टाइम एक्सटेंशन की फाइल के इंजीनियर को भेजी गई है। मंजूरी मिलते ही नाले की सफाई करवाई जाएगी तथा शेष कार्य को भी पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी नाले पर अवैध अतिक्रमण है, उसे भी हटाया जाए। इसके अलावा रेवाड़ी रोड के आगे भी इस नाले को लगभग 500 मीटर आगे तक ले जाने की योजना पर भी विचार विमर्श किया।*

### अटल पार्क का कार्य दोबारा होगा शुरू

*शहर के रेवाड़ी रोड पर स्थित अटल पार्क का कार्य दोबारा से शुरू करवाया जाएगा। इस संबंध में वीरवार को एडीसी डा. आनंद कुमार शर्मा ने नगर परिषद के अधिकारियों के साथ मौका निरीक्षण भी किया। एडीसी ने कहा कि यह पार्क शहर की अच्छी लोकेशन पर है। लोगों की सुविधा के लिए अधूरे पड़े कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए अधिकारी नए एस्टीमेट तैयार करवाएं। इसके बाद नए सिरे से टेंडर छोड़कर अधूरे पड़े कार्य को तय समय में पूरा करवाया जाए। इस मौके पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुंदर श्योराण के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।*

बच्चो, क्या तुम जानते हो हम सब जिस पृथ्वी पर रहते हैं, वो कितनी विविधताओं से भरी हुई है? इसकी विविधताएं ही इसे सौर मंडल का सबसे अनूठा ग्रह बनाती है। लेकिन हम इंसानों की लापरवाही से इस पर कई तरह के संकट बढ़ रहे हैं, इसका स्वरूप बिगड़ रहा है। हमारी धरती हमेशा हरी-भरी रहे, इसके लिए हमें जागरूक होना होगा।

# हमेशा हरी-भरी रहे हमारी पृथ्वी



जागरूकता
देवेंद्र मेवाड़ी











बच्चो, पृथ्वी के बारे में हम तुम्हें कुछ रोचक बातें बताएं, इससे पहले आओ, ज़रा आसमान से अपनी प्यारी पृथ्वी पर नजर डालते हैं। देखें तो सही वहां से यह कैसी दिखती है? ओह, दूर अंधेरे में कितनी सुंदर लगती है हमारी प्यारी पृथ्वी! चमकीला नीला गोला, उस पर फैले घुंघराले श्वेत बादल, नीचे भूरे, हरे, हल्के पीले महाद्वीप, बर्फ से ढंके उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव। नील मणि-सी चमकती मां पृथ्वी का यह नीला रंग इसके विशाल नीले महासागरों के कारण दिखाई देता है।

## विविधताओं से भरी

हमारे प्राचीन ग्रंथों में पृथ्वी को मां कहा गया है। सूर्य से दूरी के हिसाब से यह सौर मंडल का तीसरा ग्रह है। यह एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिस पर जीवन है। हमारी पृथ्वी अपने आप में बहुत-सी विविधताओं को समेटे हुए है। इसमें कहीं ऊंची पर्वतमालाएं हैं तो कहीं दूर-दूर तक फैले मैदान, कहीं गहरी घाटियां हैं तो कहीं विशाल रेगिस्तान। कहीं हरे-भरे जंगल, तो कहीं विशाल दलदल। कहीं सदानीरा नदियां बहती हैं तो कहीं ऊंचे पहाड़ों से छल-छल झरने गिरते हैं। कहीं भीषण गर्मी पड़ती है तो कहीं कड़ाके की सर्दी। कहीं घनघोर वर्षा होती है तो कहीं बारिश का नामो-निशान नहीं होता।

## इसलिए मौसम में होती है भिन्नता

हमारी पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। साथ ही यह लगातार घूमती रहती है। जब यह अपनी धुरी पर घूमती है तो घूमते हुए लट्टू की तरह अंडाकार कक्षा में सूर्य की परिक्रमा भी करती है। इस सब का नतीजा यह होता है कि पृथ्वी के हर हिस्से पर साल भर सूर्य की रोशनी एक समान नहीं पड़ती। इसीलिए पृथ्वी की भूमध्य रेखा के आस-पास के हिस्सों में मौसम बेहद गर्म होता है। ज्यों-ज्यों हम उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ते हैं तो तपन कम होने लगती है और मौसम ठंडा लगने लगता है। और ध्रुवों पर तापमान न्यूनतम हो जाता है। ये हमारी पृथ्वी की जलवायु के विविध रंग हैं।

## बिगड़ रहा है ऋतु चक्र

आज से कुछ दशक पहले तक अपने सही समय पर ऋतुएं बदलती थीं। समय पर वसंत आता था। मई-जून में गर्मी पड़ती थी, फिर वर्षा ऋतु आती थी। उसके बाद हेमंत ऋतु और फिर शीत ऋतु की ठिठुरन शुरू हो जाती थी। ऋतुओं के हिसाब से किसान खेती करते थे, बोआई और कटाई के उत्सव मनाते थे। पशु-पक्षी भी ऋतुओं के हिसाब से अपनी लंबी प्रवास यात्राएं करते थे या ठंडे प्रदेशों में गुफाओं, कोटरों और बिलों में सो जाते थे। नन्हीं तितलियां वसंत के इंतजार में प्यूपा बन कर किसी टहनी, चट्टान या दीवार से लटक जाती थीं कि वसंत आएगा और वे पंख फड़फड़ा कर मधु और पराग चूसने के लिए फूलों के पास पहुंच जाएंगी। नदियां कल-कल बहा करती थीं, हरे-भरे जंगल ठंडी बयार बहाकर हमारी सांसों के लिए भरपूर मात्रा में प्राणवायु ऑक्सीजन दिया करते थे। जलवायु के साथ हर जीवधारी का संबंध हुआ करता था। लेकिन अब यह संबंध भी गड़बड़ा गया है। वसंत समय पर नहीं आता तो फूल भी समय पर नहीं खिलते। बेमौसम और असमान रूप से बरसात होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन होने से मौसम में ये परिवर्तन हो रहे हैं। हम इंसानों की लापरवाही से ही पृथ्वी का प्राकृतिक स्वरूप और इसकी जलवायु बिगड़ रही है।

## हम निभाएं अपनी जिम्मेदारी



पृथ्वी को इन तमाम संकटों से बचाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। बच्चो, इसमें सबसे बड़ी भूमिका तुम्हारी होगी। तुम ही देश, दुनिया के भविष्य हो। तुम्हें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, इस प्यारी पृथ्वी पर हरियाली बढ़ानी होगी। जल, थल और वायुमंडल को साफ रखना होगा। तभी यह प्यारी-निराली पृथ्वी रहने लायक रहेगी। *

## चिंताजनक है ग्लोबल वार्मिंग



**प्रकृति में** आए परिवर्तन की वजह यह है कि विकास की एक ऐसी अंधी दौड़ शुरू हो गई है कि हर कहीं पेड़ों के जंगल के बजाय कंकरीट के जंगल (ढेरों मकान, भवन और ऊंची इमारतें) खड़े होने लगे हैं। हरे-भरे जंगल कटने लगे हैं और शहर फैलने लगे हैं। हम लोग यह भूल गए कि पेड़-पौधों और हरे-भरे जंगलों से ही हमें सांसें मिलती हैं। हम उनकी बनाई प्राणवायु ऑक्सीजन में ही सांस लेकर जीवित रहते हैं। इसीलिए प्रकृति ने हमारे लिए हवा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों की ठीक उतनी ही मात्रा रखी थी, जितनी हमारे सांस लेने के लिए जरूरी थी। लेकिन हरे-भरे जंगल कटने, शहरों के फैलने, सड़कों पर लाखों गाड़ियों के पेट्रोल से उत्पन्न होने वाले धुएं से हर साल लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में पहुंचने लगी। इससे वायुमंडल में प्रकृति द्वारा तय किया गया गैसों का अनुपात गड़बड़ा गया। परिणाम यह हुआ कि पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक इसे वैश्विक तपन या ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। इस तपन के कारण ध्रुवों की बर्फ पिघल रही है और ग्लेशियर भी पिघल कर सिकुड़ते जा रहे हैं। तापमान इसी तरह बढ़ता गया तो सागरों में पानी का स्तर बढ़ने से सागरतटों पर बसे शहरों के डूबने का खतरा पैदा हो जाएगा। पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का संकट बढ़ता जा रहा है। इसे रोकना होगा।

यह भी जानो / शिखर चंद जैन

# बहुत अनूठी हैं पृथ्वी की विशेषताएं



बच्चो, पृथ्वी (अर्थ) हमारे सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है, जिस पर जीवन है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु सभी इस पृथ्वी पर रहते हैं। हमारी पृथ्वी के अलावा बाकी कुछ ग्रहों पर जीवन होने की संभावनाएं तो जताई गई हैं, लेकिन अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस लिहाज से पृथ्वी सौर मंडल के अन्य ग्रहों से अलग-अनूठी है।

**कितनी पुरानी है पृथ्वी:** विभिन्न वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। नेशनल सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के वैज्ञानिकों ने चट्टानों और उल्कापिंडों की कार्बन-डेटिंग (प्राचीन वस्तुओं की उम्र पता लगाने की वैज्ञानिक विधि) करके इस अनुमानित आयु का पता लगाया है। हजारों साल तक मनुष्य यह मानता रहा कि पृथ्वी, ब्रह्मांड का केंद्र है। बाद में पता चला कि सूर्य, हमारे सौर मंडल के केंद्र में है और पृथ्वी समेत अन्य ग्रह उसके चारों ओर चक्कर लगाते हैं।



**पांचवां सबसे बड़ा ग्रह:** पृथ्वी की भूमध्यरेखीय त्रिज्या (इक्वेटोरियल रेडियस) लगभग 6,378 किलोमीटर और व्यास (डायमीटर) लगभग 12,756 किलोमीटर है, जबकि इसकी ध्रुवीय त्रिज्या (पोलर रेडियस) लगभग 6,357 किमी और व्यास लगभग 12,714 किमी है। पृथ्वी हमारे सौर मंडल का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।

**पृथ्वी की परतें:** परतों (लेयर्स) की बात करें, तो हमारी पृथ्वी को मुख्य रूप से तीन परतों में बांटा गया है- कोर, मेंटल और क्रस्ट। कोर पृथ्वी का सबसे आंतरिक भाग होता है। पृथ्वी के मध्य भाग को मेंटल कहते हैं, जबकि पृथ्वी के सबसे ऊपरी परत को क्रस्ट कहते हैं। क्रस्ट ही वह हिस्सा है, जिस पर मानव जीवन का अस्तित्व है।

**लगातार गतिशील है पृथ्वी:** बच्चो, हमारी पृथ्वी दो तरीके से गति करती है-घूर्णन (रोटेशन) और परिक्रमण (रिवॉल्यूशन)। पृथ्वी अपने अक्ष (धुरी) पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी को अपना एक घूर्णन पूरा करने में लगभग 24 घंटे का समय लगता है। अपने अक्ष पर लगातार घूमते रहने के कारण ही पृथ्वी पर दिन और रात होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग 1667 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से घूमती है। घूर्णन के अलावा हमारी पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक दीर्घ वृत्ताकार (एलिप्टिकल) कक्षा में चक्कर भी लगाती है, जिसे परिक्रमण कहा जाता है। यह सूर्य के चारों ओर लगभग 1,07,226 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चक्कर लगाती है। सूर्य का एक चक्कर लगाने में पृथ्वी को 365.25 दिन का समय लगता है। परिक्रमण गति के कारण ही हमारी पृथ्वी पर ऋतु/मौसम परिवर्तन होता है।

**पानी का भंडार:** पृथ्वी पर जल का अथाह भंडार है। इसकी सतह का 71 प्रतिशत हिस्सा तो पानी से ही ढंका है। सिर्फ 29 प्रतिशत हिस्सा ही भूमि है। इस पानी में से केवल 3 प्रतिशत पानी ही मीठा/ताजा यानी अलवणीय और पीने योग्य है। बाकी 97 प्रतिशत पानी खारा है। पृथ्वी का लगभग 90 प्रतिशत ताजा पानी अंटार्कटिका की ध्रुवीय बर्फ के रूप में जमा हुआ है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्यारी-मनोरंजक कहानियां



बच्चो, बांग्ला भाषा की प्रसिद्ध लेखिका जया मित्र की बाल-कहानियों की किताब 'चार-पांच दोस्त' का हिंदी अनुवाद हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इसका अनुवाद किया है कल्लोल चक्रवर्ती ने। इसमें कुल चौदह कहानियां और एक नाटक संकलित है। इन कहानियों में बाग-बगीचे, फूलों वाले पेड़, नदी, पहाड़, जंगल, बारिश, चिड़िया, तितली आदि मौजूद हैं। इनके साथ नन्हे बच्चों की खिलंदड़ी हरकतें मन को लुभाती हैं। हम सभी के जीवन में प्रकृति की कितनी महत्ता है, इसे बड़े सरल ढंग से ये कहानियां बताती हैं। 'चार-पांच दोस्त', दो चिड़िया चड़ुआ-बड़ुआ, दो नन्ही बच्चियों रिया-पियाल और एक छोटे लड़के गौतम की प्यारी-सी कहानी है। 'उस बार पहाड़ में' और 'तितलियों का गांव' समेत सभी कहानियां तुम्हें अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** चार-पांच दोस्त, **लेखिका:** जया मित्र, **अनुवाद:** कल्लोल चक्रवर्ती, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**चिंटू :** अगर मिस्टर बीन सो जाए, तो हम उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंटू :** पता नहीं। तुम्हीं बता दो, क्या कहेंगे?
**चिंटू :** सोयाबीन।
-रमन, रायपुर

**पापा :** आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा :** अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू :** बीस नंबर।
-अमन, बिलासपुर

**कंप्यूटर टीचर :** कंप्यूटर चलाने के लिए तुम्हें सबसे पहले ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
**रोहित :** लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं।
-दीक्षा, रोहतक

## जीके क्विज-150

1. पहला 'पृथ्वी दिवस' किस वर्ष मनाया गया था?
2. 'पृथ्वी दिवस' मनाने की शुरुआत का श्रेय किसे जाता है?
3. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी ने आइपीएल क्रिकेट में एक हजार बाउंड्रीज (चौके और छक्के) लगाने का रिकॉर्ड बनाया?
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को किस देश में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया?
5. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
6. दुनिया में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान कौन-सा है?
7. किस भारतीय शहर को 'द सिटी ऑफ पैलेस' कहा जाता है?
8. लोकनायक के नाम से किन्हें जाना जाता है?
9. भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर का पहला माह कौन सा है?
10. केरल की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-150 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-149 का उत्तर :** 1.बिहार, 2.राजनाथ सिंह, 3.चंडीगढ़, 4.पोरबंदर (गुजरात), 5.प्रशांत महासागर, 6.कोलकाता में, 7.वेटिकन सिटी, 8.अकबर, 9.के-2, 10.हरिवंश राय बच्चन

**जीके क्विज-149 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, सुमन-रायपुर, संकेत-बिलासपुर, आर्यन-रोहतक, प्रज्ञा-धमतरी, राहुल-बालोद, प्रिया-महासमुंद, गौतम-दिल्ली, कनक-बलौदा बाजार, त्रिशा-राजनांदगांव



कहानी
मंजरी शुक्ला

अबीर अपने मामा जी और दोस्त हर्षित के साथ पिकनिक मनाने के इरादे से नदी किनारे आया। लेकिन तीनों नदी के आस-पास का नजारा देखकर दुखी हो गए। असल में वहां गंदगी बहुत थी। तो क्या तीनों पिकनिक का इरादा छोड़कर वापस लौट गए या वहां कुछ अनहोनी हो गई?

# मुस्कुरा उठी नदी



'तुम्हारे मामा इतनी दूर से तुमसे मिलने आए हुए हैं और तुम अपने कमरे में बैठे हुए हो!' मामा जी यह कहते हुए एकाएक अबीर के सामने आकर खड़े हो गए।

अबीर खुशी से उनसे लिपट गया, 'अरे! आप कब आ गए मामाजी?' 'आया तो अभी हूं। आज हम नदी किनारे पिकनिक मनाने चलेंगे।' मामा जी अबीर के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोले।

अबीर तुरंत बोला, 'मामा जी, मैं अपने दोस्त हर्षित के घर जाकर उसे भी ले आता हूं। वह भी हमारे साथ पिकनिक मनाने चलेगा।' थोड़ी ही देर बाद मामा जी के साथ कार में बैठकर अबीर और हर्षित पिकनिक के लिए निकल गए। दोनों मजे से मामा जी से बात करते हुए चले जा रहे थे। मामा जी ने बताया, 'मेरे गांव में नदी का पानी इतना स्वच्छ और निर्मल रहता है कि सभी लोग नदी के पास किसी घने पेड़ के नीचे बैठकर अपना सुख-दुःख बांटते हैं, प्रकृति के करीब काफी समय बिताते हैं फिर शाम तक घर लौटते हैं।'

अबीर बोला, 'अच्छा! मामा जी इसी तरह की और बातें भी हमें बताएं ना!' मामा जी ने अपने बचपन की यादों का पिटारा खोल दिया। बातों ही बातों में न जाने कितना समय निकल गया, कुछ पता ही नहीं चला।

तभी हर्षित खुशी से चिल्लाया, 'ठंडी हवा आने लगी है, मतलब हम नदी के पास पहुंच गए हैं।' मामा जी ने एक जगह रुक कर गाड़ी लॉक की और बोले, 'आज हम लोगों को बहुत मजा आएगा।' 'यहां तो एक अजीब-सी बदबू आ रही है।' अबीर ने नाक पर हाथ रखते हुए कहा। थोड़ा आगे बढ़े तो हर्षित बोला, 'लग रहा है यहां पर लोग पिकनिक मनाने नहीं बल्कि अपने घर का कूड़ा डालने के लिए आए हैं।' 'वह आंटी तो पूरा बैग भरकर प्लास्टिक और अगरबत्ती के पैकेट नदी के अंदर डाल रही हैं।' मामा जी उस ओर इशारे करते हुए बोले। 'चारों तरफ चिप्स और बिस्किट के पैकेट बिखरे पड़े हुए हैं।' हर्षित धीरे से बोला।

'हम लोग कहीं और चलकर पिकनिक मनाते हैं।' अबीर मुंह बनाते हुए बोला। हर्षित ने भी सहमति जताई, 'अबीर सही कह रहा है। हम इतनी गंदी जगह बैठ कर पिकनिक नहीं मनाएंगे। यहां बैठकर खाना-पीना दूभर हो जाएगा।'

लेकिन मामा जी तो अपने आप में खोए हुए एकटक नदी की तरफ देखे जा रहे थे। कुछ देर बाद वह बोले, 'यही नदी हमारे गांव तक भी जाती है। वहां इसका पानी इतना साफ होता है कि तुम्हें गहरे पानी की मछलियां भी तैरती हुई साफ नजर आएंगी। सच बात तो यह है कि नदी गंदी नहीं होती है। हम इंसान मिलकर उसे गंदा या साफ बनाते हैं।'

'पर हम कर भी क्या सकते हैं? अगर हम इन लोगों को समझाएंगे तो क्या ये हमारी बात सुनेंगे?' अबीर दुखी स्वर में बोला। अबीर की बात सुनकर मामा जी ने इधर-उधर देखा। वहां पर खड़ी पुलिस की एक गाड़ी पर उनकी नजर पड़ी। वह तेजी से गाड़ी की ओर बढ़ गए। हर्षित डर गया और अबीर से बोला, 'अब तो पुलिस वाले मामा जी को पकड़ लेंगे।'

'तू थोड़ा कम डरा कर।' अबीर अपने दोस्त हर्षित के गाल पर चपत मारते हुए बोला।

मामा जी जब बहुत देर तक पुलिस वालों से कुछ बात करते रहे तो हर्षित से न रहा गया, बोला, 'लगता है पुलिस वालों से मामा जी की बहस हो रही है। चलो, चलकर उन्हें बचाते हैं।'

एक ही पल बाद मामा जी पुलिस इंस्पेक्टर और उसके तीन सिपाहियों के साथ एक दूसरी ओर जाते हुए दिखे। सभी उन लोगों के पास पहुंचे, जो नदी में और उसके आस-पास गंदगी फैला रहे थे। सिपाहियों ने उन लोगों से न जाने क्या कहा कि उनकी बात सुनते ही सभी के चेहरों पर हवाइयां उड़ने लगीं। सबने तुरंत सारा कूड़ा उठाकर मैदान में एक ओर लगे कचरे के डिब्बों में फेंक दिया। कुछ लोग तो अपने आप नदी के किनारे से प्लास्टिक की बोतलें वगैरह उठाकर कूड़े के डिब्बों में डालने लगे, जो उन्होंने फेंकी भी नहीं थी। देखते ही देखते वहां सब साफ-सुथरा नजर आने लगा।

मामा जी एक पेड़ की छांव के नीचे खड़े होकर हंसते हुए बोले, 'तो अब इस स्वच्छ जगह पर बिछा लें हम लोग अपनी चटाई और शुरू करें पेट पूजा?' लेकिन अबीर मामा जी का हाथ पकड़ते हुए बोला, 'पहले आप बताएं कि आपने उन पुलिस वालों से क्या कहा?' 'जब मैंने पुलिस वालों को बताया कि नदी इतनी गंदी हो रही है, इसका पानी काला हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हम तो बहुत मना करते हैं पर कोई मानता ही नहीं है।' 'फिर आपने क्या कहा?' हर्षित ने उत्सुकता से पूछा। 'तो मैंने कहा कि आप उनसे यह क्यों नहीं बताते कि यही पानी, प्रोसेस होने के बाद नलों के द्वारा उनके घरों तक जाता है।' मामा जी गंभीर स्वर में बोले। अबीर ने मासूमियत से पूछा, 'तो क्या सचमुच इस नदी का ही पानी हमारे घरों में आता है?'

'और क्या, तुम्हारे घर की पानी की टंकी को भरने के लिए क्या हर बार बरसात होगी?' मामा जी ने हंसते हुए कहा। मामा जी के साथ अबीर और हर्षित भी हंस पड़े। तीनों ने पेड़ की छांव में बहती ठंडी हवा में अपने साथ लाए भोजन का मजा लिया। जब वहां से उठने लगे तो मामा जी ने ध्यान दिया कि लोग खाना खाकर प्लास्टिक और डिस्पोजेबल प्लेट नदी में नहीं फेंक रहे थे बल्कि अपने साथ लाए थैलों में रख रहे थे।

मामा जी ने नदी की तरफ बहुत ही प्यार से देखा और खुशी के मारे अपनी नम आंखें पोंछ लीं। उन्हें लगा जैसे नदी मुस्कुरा रही है। नदी को लग रहा है कि वो अब हमेशा स्वच्छ-निर्मल रहेगी। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़



## धरती मां हम सबकी मां है

प्राण पले जिसकी गोदी में,
उस पृथ्वी को शीश झुकाएं।
कण-कण रहे सुगंधित इसका,
हरित क्रांति से धरा सजाएं।।
शुद्ध हवा से रोग मरेंगे,
पेड़ों पर चिड़िया चहकेंगी।
तन ताजा हो मन में मस्ती,
फूलों की बगिया महकेंगी।।
खाने को अन्न दिया तुमने,
पीने, अमृत जैसा पानी।
अमृत में विष नहीं घुलेगा,
बहुत हुई अब तक नादानी।।
दूर रहें नदियों से नाले
अलग व्यवस्था करनी होगी
हर जीवन पानी का प्यासा,
सबकी पीड़ा हरनी होगी।।
धरती की हर सांस प्रदूषित,
वर्षों से बीमार बेचारी।
धरती मां हम सबकी मां है,
समझें अपनी जिम्मेदारी।।
स्वच्छ रखेंगे सड़क जलाशय,
मिल-जुल कर करते श्रमदान।
शहर-नगर या गली गांव की,
इनसे बनती अपनी शान।।
हम भविष्य हैं इस पृथ्वी के,
सेवा है संकल्प हमारा।
जहरीला परिवेश हो गया,
पाना है इससे छुटकारा।।
रहें समर्पित जीवन भर,
फिर औरों को भी समझाएं।
एक रोज क्यों मने वर्ष में
हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं।।

## रंग भरो-173

**रंग भरो-173** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





समृद्धि, शहडोल



सौम्य, बालोद



अन्वीक्षा, दुर्ग



आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर




वैदिक, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, डिंपल-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, राशि-दुर्ग, सत्यम-रायपुर, अमन-कोरबा, सक्षम-बिलासपुर, दिव्या-रायगढ़, जतिन-रोहतक, काव्या-महासमुंद, जीविका-बलौदा बाजार, सौम्या-भेपाल, आद्या-हिसार, कुसुम-बिलासपुर, राशि-दिल्ली

## रंग भरो 174



बच्चो, यहां पर 'पृथ्वी दिवस' से जुड़ा एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के आरोप में चार पर मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने चार नामजद पर मामला दर्ज किया है। कारिया निवासी संदीप कुमार ने बताया कि उसका गांव के नवीन से पहले से झगड़ा चल रहा था। गत 13 अप्रैल को वह घूमने के लिए बोचडिया की तरफ गया था। करीब रात्रि साढ़े आठ उसके मेरे पीछे अतुल व नवीन मोटरसाईकिल से आए। उसी समय नवीन ने उसके लकड़ी सिर में मारी और अतुल ने नलकी से पैरों पर वार किया। उसके बाद अमन उसके लकड़ी से मारी और मनोज ने उसकी गर्दन पकड़ ली। उसके बाद उसको जान से मारने कि घमकी देकर वहां से वह चारों भाग गए।

### सड़क हादसे में बाइक चालक घायल, केस दर्ज

**कनीना।** मालड़ा बवाना सड़क मार्ग घटित हादसे में घायल हुए बाइक चालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोप ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में दीवान वासी मालड़ा बास ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह धर्मकांटे से अजय को पीछे बैठाकर बाइक से घर आ रहा था। इस दौरान सामने से तेज गति से हडम्बा जुड़ा ट्रैक्टर आया, जिसने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल दीवान ने हादसे के आरोपित ट्रैक्टर चालक पवन कुमार के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी।

### वाहन चोरी के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** वाहन चोरी के मामले में थाना शहर पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान राहुल वासी खोल के रूप में हुई। आरोपित को रेवाड़ी से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित के खिलाफ चोरी के अन्य मामले भी दर्ज हैं। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में एक आरोपित रोहित को पहले गिरफ्तार किया था।

*राव तुलाराम चौक से सीएसडी कैंटीन तक की सड़क करीब 1.50 करोड़ की लागत से बनी थी*

# दो साल में ही बिगड़ी मॉडल सड़क की सूरत, मार्ग से रोड़ियां लगीं निकलने, डिवाइडर से गिरने लगी टाइल

*नई इंटर लॉकिंग टाइल और संगमरमर की लगाई गई थी टाइलें*

- निर्माण के कुछ समय बाद तक मॉडल सड़क ने बटोरी थी सुर्खियां जल्द ही उठने लगे थे सवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़**

शहर के राव तुलाराम चौक से सीएसडी कैंटीन तक करोड़ों रुपये से तैयार की गई मॉडल सड़क की दो साल में ही सूरत बिगड़नी शुरू हो गई है।

सड़क से रोड़ियां बाहर आने लगी है तथा गड्ढे बनने शुरू हो गए है। इसके अलावा डिवाइडर से टाइल



महेंद्रगढ़। बस स्टैंड के समीप सड़क पर निकली रोड़ियां। फोटो : हरिभूमि

गिरने लगी है। शहर के लोग अधिकारियों का कोसते हुए नजर आ रहे है। बता दें कि अगस्त 2021 में जब नपा का चार्ज प्रशासन के हाथों में था तो तत्कालीन एसडीएम दिनेश कुमार की ओर से शहर के राव तुलाराम चौक से सीएसडी कैंटीन तक एक किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग को मॉडल रोड के रूप में विकसित करने की योजना तैयार कर काम शुरू करवाया गया था। सीएसडी कैंटीन से आईटीआई रोड पर बचे आरसीसी रोड पर में स्टिक लेयर डालकर उसके मजबूतीकरण किया गया था।

वहीं आईटीआई संस्थान के मेन प्रवेश द्वार से लेकर राव तुलाराम चौक तक कारपेट डालकर इस मार्ग को नया लुक दिया गया था। इसके बाद सड़क निर्माण, नई इंटर लॉकिंग टाइल, डिवाइडर के बीच फूलदार पौधे लगाने, संगमरमर की टाइलें लगाई गई थी। हालांकि कुछ दिनों तक शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए यह मॉडल रोड खूब चचार्ओं में रहा था। अब मॉडल सड़क की दुदर्शा को लेकर शहर के लोग अधिकारियों को कोस रहे है।

### अतिक्रमण की भेंट चढ़ा मार्ग

इस मार्ग को शहर में प्रवेश होने का मुख्य मार्ग माना जाता है। राहगीर बस स्टैंड व शहर के मुख्य बाजार में जाने के लिए इस मार्ग का उपयोग करते है। लेकिन अतिक्रमण के चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही हैं। शहर के राव तुलाराम चौक से लेकर बालाजी चौक दुकानदारों की ओर से भारी अतिक्रमण किया गया हैं। अतिक्रमण के चलते दिनभर इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती हैं। वहीं अधिकाशं वाहन चालक सड़क के किनारे अपना वाहन खड़ा करके खरीददारी कर रहे है। ऐसे में लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### सड़क से रोडियां निकलनी हुई शुरू

मॉडल सड़क से दो साल में ही रोड़िया निकलनी शुरू हो गई है। वहीं कई जगह गहरे गड्डे होने लगे है। टूटी सड़क के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं समीप बस स्टैंड होने के कारण यात्रियों की परेशानी अधिक बढ़ गई है। बस स्टैंड पर आने वाले वाहनों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। इसके अलावा लाखों रुपये की लागत से लगाई गई डिवाइडर की टाईले भी काफी जगह गिरनी शुरू गई है। वहीं डिवाइडर के टाईल पूरी से पंपलेट से अटी है। जो मॉडल सड़क के सौंदर्यकरण पर ग्रहण लगा रही हैं।

## एमआईएस पोर्टल से ऑनलाइन डेली डायरी अपडेट के आदेश से रोष

# डेली डायरी अपडेट करने के विरोध में शिक्षकों ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

*निर्णय को वापस लेकर पहले की तरह ऑफलाइन प्रक्रिया जारी रखी जाए*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल**

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के जिला प्रधान अरविंद यादव माजरा के नेतृत्व एवं राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान अनिल यादव सिसोठिया की अध्यक्षता में जिले के शिक्षकों ने हुडा स्थित डीईओ कार्यालय एकत्रित होकर जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार चौहान को एक ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव भी मौजूद रहे। हसला जिला प्रधान



नारनौल। डीईओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

अरविंद यादव ने बताया कि गत 8 अप्रैल को शिक्षा विभाग ने एक पत्र जारी किया है, जिसमें 9 अप्रैल 2025 से सभी शिक्षकों के लिए एमआईएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन डेली डॉयरी अपडेट करने का जो अस्वाभाविक एवं अव्यवहारिक आदेश जारी किया गया है, उसके खिलाफ आक्रोश प्रकट करते उसे वापस लेने तथा पहले की तरह ही ऑफ लाइन डॉयरी अपडेट करने की प्रक्रिया को जारी रखने के लिए डीईओ के माध्यम से शिक्षा विभाग के निदेशक को ज्ञापन प्रेषित किया गया है। हसला एवं आरपीएसएस दोनों संगठनों की ओर से संयुक्त रूप से बताया गया कि विभाग द्वारा दिया गया यह आदेश कि सभी शिक्षकों को एमआईएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन डेली डायरी को लिखकर संचालित करना अनिवार्य होगा। भले ही कोई शिक्षक ड्यूटी पर है या किसी भी तरह के अवकाश पर हो। साथ ही उसका प्राचार्य द्वारा अवलोकर करना होगा, जबकि यह निर्णय किसी भी सूरत में स्वाभाविक नहीं लगता है, क्योंकि इंटरनेट की उपलब्धता न होने के कारण जहां एक ओर शिक्षकों को समय की बर्बादी के साथ–साथ परेशान होना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर गरीब बच्चों की पढ़ाई भी बाधित होती है। उन्होंने यह भी बताया कि निदेशालय के एकेडमिक सेल ने पहले भी इस तरह के डिजिटलीकरण के कई आदेश निकाले हैं, जिनका परिणाम आशानुरूप नहीं रहा। इसलिए इस ऑनलाइन डायरी अपडेट के निर्णय को वापिस लिया जाकर पहले की तरह ऑफलाइन प्रक्रिया ही जारी रखी जाए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हसला के पूर्व जिला प्रधान बीरसिंह, अटेली खंड के हसला प्रधान हंसराज यादव, नारनौल खंड प्रधान रामनिवास लंबौरा, महेंद्रगढ़ खंड के प्रधन विक्रम आकोदा, नांगल चौधरी खंड के प्रधान चरण सिंह बडेसरा, कनीना खंड के प्रधान सुबेसिंह चौहान, शारीरिक शिक्षक संघ प्रधान सुभाष सोनी, हजरस के जिला प्रधान बिजेंद्र चौहान, आरपीएसएस के जिला महासचिव सत्यवीर खन्ना, डीएसएस रविंद्र अग्रवाल, राधेश्याम नरवारा, जितेंद्र भारद्वाज, पवन मंढ़ाणा, गिरीश नाहर, पवन जांगड़ा, दीपक शर्मा, उमेश खैरवाल एवं अजय यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## छात्रों ने सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप विषय पर रखे विचार

- बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़**

सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेकर विचारों की सारगर्भित प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन भौतिक विज्ञान प्रवक्ता सुदर्शन लांबा के मार्गदर्शन में हुआ।

प्राचार्य रामवीर यादव, चेयरमैन रूपराम यादव एवं संस्थापक राम सिंह यादव उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विषय के पक्ष एवं विपक्ष में बेहतरीन तर्क प्रस्तुत किए। पक्ष में बोलते हुए विद्यार्थियों ने तर्क दिया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सोशल मीडिया आधुनिक युग की अनिवार्यता बन चुके हैं। एआई ने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि जैसे अनेक क्षेत्रों में प्रगति की राह आसान की है। शिक्षा के क्षेत्र में एआई आधारित तकनीकों ने सीखने की प्रक्रिया को अधिक सरल, आकर्षक और सुलभ बना दिया है। विपक्ष में विद्यार्थियों ने कहा कि एआई के बढ़ते उपयोग से रोजगार की संभावनाओं पर संकट मंडरा रहा है। मशीनों के स्थान पर मानव श्रम का उपयोग घट रहा है जिससे बेरोजगारी की समस्या गहरा रही है। वहीं सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से युवा पीढ़ी में मानसिक तनाव, अवसाद और सामाजिक अलगाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

## विद्यार्थियों ने किया प्राकृतिक चिकित्सा ट्रस्ट का भ्रमण

- भ्रमण का उद्देश्य शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़**

यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने हाल ही में स्वामी ब्रह्मानंद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा ट्रस्ट का शैक्षणिक भ्रमण किया।

ट्रस्ट के प्रतिष्ठित डॉ. भवर सिंह कसाना विशेष रूप से उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। प्राकृतिक चिकित्सा का भ्रमण करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने विद्यार्थियों को योग, प्राणायाम विभिन्न आसनों और प्राकृतिक चिकित्सा के विविध पहलुओं से अवगत कराया। डॉ. भंवर सिंह यादव कसाना ने शिरोधार मसाज थैरेपी मर्म चिकित्सा फिजियोथैरेपी शंख-प्रक्षालन आदि चिकित्सा पद्धतियों की वैज्ञानिक प्रक्रिया और लाभो के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने न केवल इन विधियों की जानकारी प्राप्त की, बल्कि कुछ व्यवहारिक अनुभव भी लिए। इससे उन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने प्राकृतिक जीवनशैली और निरोगी जीवन सूत्रों और इसे अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा ली।

## आत्म-प्रकाशन व जिज्ञासा ही बुनियादी शिक्षा के मुख्य उद्देश्य

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़**

- बीआर स्कूल सेहलंग में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित

बीआर स्कूल सेहलंग में वीरवार को कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस सप्ताहिक सभा का उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक विरासत, प्रकृति के प्रति संवेदना और जीवन मूल्यों की समझ विकसित करना है। इस विशेष कार्यक्रम की थीम मां प्रकृति के प्रति आभार रही, जिसमें बच्चों ने प्रकृति और पृथ्वी माता को उनके योगदान के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआर ग्रुप के चेयरमैन हरीश भारद्वाज, प्राचार्य डॉ. राम मोहन वशिष्ठ, और उप-प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने की। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कविताओं और भाषणों से हुई। उन्होंने अपनी सरल भाषा में प्रकृति द्वारा दिए गए जल, वायु, भोजन, वृक्षों और जीव-जंतुओं के लिए आभार व्यक्त किया।



महेंद्रगढ़। पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।



महेंद्रगढ़। वाटर कूलर का लोकार्पण करते डीसी। फोटो : हरिभूमि

### डीसी ने बस स्टैंड के सामने वाटर कूलर का किया लोकार्पण

**महेंद्रगढ़।** डीसी डॉ. विवेक भारती द्वारा बस स्टैंड के सामने धर्मार्थ प्याऊ में एक वाटर कूलर का लोकार्पण किया। विदित रहे कि 40 वर्षों से भी अधिक समय से यह मटका पियाऊं के नाम से मशहूर स्वर्गीय भगवान दास शर्मा द्वारा आरंभ की गई थी। आम जनता को शीतल जल की व्यवस्था के लिए बाबा भगवान दास जन जागरण वेलफेयर फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने स्वर्गीय पिता भगवान दास शर्मा एवं मां कौशल्या देवी की स्मृति में यह वाटर कूलर आरओ सहित इस धर्मार्थ पियाऊ में लगवाया हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार वर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा, प्रधान धौलपोश गौशाला रविंद्र तिवाड़ी ने एसडीएम अनिल कुमार यादव का आभार व्यक्त किया।

## जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान ही प्राथमिकता

- समाधान शिविर में जनता की समस्याओं का हो रहा त्वरित निवारण : विवेक भारती

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़**

प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए चलाए जा रहे समाधान शिविर अभियान के तहत वीरवार को महेंद्रगढ़ स्थित लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

समाधान शिविर की अध्यक्षता डीसी डॉ. विवेक भारती ने की। इस दौरान एसपी पूजा वशिष्ठ व



महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायत सुनते डीसी। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम अनिल कुमार यादव उपस्थित रहे। डीसी ने सभी विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में एक-एक करके 60 समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान हमारी प्राथमिकता है। समाधान शिविर का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देना है, जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जा सके। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुना और तत्काल समाधान प्रदान करने का प्रयास किया।

समाधान शिविर में प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें शामिल हैं।



नारनौल। जागरुकता रैली निकालती आंगनबाड़ी वर्कर्स व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### भ्रूण हत्या करना सबसे बड़ा अपराध : सुनीता

**नारनौल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से खंड के गांव महरमपुर में महिलाओं ने प्रभातफेरी निकाल कर ग्रामीणों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इस प्रभातफेरी में आंगनबाड़ी वर्कर, हेल्पर, महिला पंच के अलावा गांव की महिलाएं भी शामिल हुई। प्रभातफेरी का संचालन आंगनबाड़ी विभाग की सुपरवाइजर सुनीता देवी ने किया। अपने संबोधन में सुनीता देवी ने कहा कि लिंग जांच करवाना व भ्रूण हत्या करना सबसे बड़ा अपराध है। ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ सरकार की तरफ से सख्त कारवाई की जाती है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कर्मी अनीता, सुशीला, सरस्वती, माया, राजकुमारी, प्रमिला, सुमित्रा, अनीता, सुशीला व रोशनी समेत अनेक ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही।

## शिकायतों का समय से करें समाधानः एसडीएम



महेंद्रगढ़। अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अब समाधान शिविर सप्ताह में सोमवार और गुरुवार को आयोजित किए जाएंगे, जबकि शुक्रवार को इन शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की जाएगी। यह जानकारी एसडीएम अनिल कुमार यादव ने समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में दी।

सभी विभागों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की स्थिति का विवरण साझा करें। समीक्षा बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी अलका, नगर पालिका सचिव अनिल, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में कबड्डी व योग परीक्षण कार्यक्रम

# कोई भी खेल हो, उसको खेल भावना से खेलना चाहिए

- कोई भी कार्य अगर पूरी लगन के साथ किया जाता है, तो उसमें विजय जरूर हासिल होती है

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल**

पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में 15 से 17 अप्रैल तक चल रही तीन दिवसीय 14, 17 व 19 आयु वर्ग संकुल स्तरीय कबड्डी व योग (बालिका) परीक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया।

कार्यक्रम में महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। मुख्यातिथि



नारनौल। क्षेत्रीय स्तरीय कबड्डी व योग के लिए चयनित बच्चों को पुरस्कृत करते विधायक कंवर सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

ने संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में हार जीत होती रहती है। कोई भी खेल हो उसको खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल ही नहीं बल्कि कोई भी कार्य हो अगर उसको पूरी लगन के साथ किया जाता है तो उसमें एक दिन विजय जरूर हासिल होती है। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रीय स्तरीय कबड्डी व योग (बालिका) के लिए चयनित बच्चों को पुरस्कृत किया।

### चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने विद्यालय पहुंचने पर मुख्यातिथि का अभिनन्दन किया। प्राचार्य ने बताया कि 15 से 17 अप्रैल तक 14, 17 व 19 आयु वर्ग के संकुल स्तरीय कबड्डी व योग (बालिका) परीक्षण का आयोजन किया है। इस संकुल स्तरीय खेल परीक्षण में नवोदय विद्यालय समिति के जयपुर संभाग के करनाल क्लस्टर के 12 विद्यालय यमुनानगर, जींद, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, पंचकूला, अम्बाला, भिवानी, रोहतक, चुरू, श्रीगंगानगर दो व करनाल नवोदय के बच्चों ने भाग लिया। संकुल स्तरीय कबड्डी व योग (बालिका) परीक्षण में से क्षेत्रीय स्तरीय कबड्डी व योग (बालिका) के लिए चयन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक उषा रानी व योगेश शर्मा का विशेष सहयोग है। आयोजन कमेटी गोविंद नारायण सैन पीजीटी कंप्यूटर संगणक, लोकेश कुमार पीजीटी गणित, विक्रम सिंह पीजीटी वाणिज्य, विनोद कुमार टीजीटी विज्ञान, सोमबीर यादव योग शिक्षक, सरला यादव पीजीटी जीव विज्ञान, सरोज यादव टीजीटी हिंदी, पूजा सिंह टीजीटी हिंदी, कविता यादव भौतिक विज्ञान ने खेलों का सफल आयोजन करने में अपना सहयोग दिया। खानपान पर्यवेक्षक नरेंद्र कुमार ने बच्चों का व अन्य सभी का खाने पीने का विशेष प्रबंध रखा। मंच संचालन प्राध्यापिका सुदेश कुमारी ने किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विजय मोहन पीजीटी भूगोल ने सभी का धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप

### डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि मनाई

**नारनौल।** प्रख्यात शिक्षाविद व महान दार्शनिक भारत रत्न सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि यदुवंशी डिग्री कॉलेज में मनाई गई। प्राचार्य बजरंग लाल ने राधाकृष्णन की जीवनी का व्याख्यान करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि सर्वपल्ली एक बहुत ही सम्मानित भारतीय दार्शनिक राजनीतिज्ञ और राजनेता थे। उपप्राचार्या सोनल यादव ने कहा कि 1962 से सर्वपल्ली के जन्मदिन को भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। ज्ञान, विज्ञान के आधार पर ही आनंद और प्रसन्नता का जीवन संभव। संस्था डायरेक्टर सुरेश यादव ने सर्वपल्ली के शब्दों के माध्यम से प्रेरणादायक रूप में विद्यार्थियों संदेश दिया कि शिक्षा का अंतिम उत्पाद एक स्वतंत्र रचनात्मक व्यक्ति का होना है।

### हकेंवि के 5 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट

**महेंद्रगढ़।** गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीवॉक. रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट विभाग के पांच विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्थित प्रतिष्ठित रिटेल कंपनी दिल्ली ड्यूटी फ्री में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के स्कूल आफ लाइफ लॉग लर्निंग के अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि विभाग के पांच विद्यार्थियों सुमित कुमार, राहुल शाह, प्रशंसा कुमारी, महक और विपिन कुमार का कैंपस प्लेसमेंट में चयन हुआ है।

### सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांवी में रेडक्रॉस सोसायटी के सौजन्य से नशा मुक्ति जागृति, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंग्रेजी प्रवक्ता एवं ब्रिगेड ऑफिसर डा. जितेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि 24 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान में अलग अलग ब्रिगेड ऑफिसर व शिक्षक विभिन्न स्कूलों में युवा पीढ़ी को नशा मुक्त, योग युक्त, स्वस्थ, चुस्त, मस्त व व्यस्त जीवन शैली से संस्कारवान बनाने पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता एवं ब्रिगेड ऑफिसर डा. संजय शर्मा मौजूद थे।

### शास्त्रीय संगीत से सराबोर हुआ हकेंवि

**महेंद्रगढ़।** गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद सभागार में स्पीक मैके के कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत से शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षा मंत्रालय व खेल एवं युवा मामले के मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में स्पीक मैके की ओर से पंडित रितेश व रजनीश मिश्रा ने संगीत की तान छेड़ी और पंडित मिथलेश झा ने तबले व सुमित मिश्रा ने हरमोनियम पर उनका साथ दिया। मुख्यातिथि कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि संगीत कार्यक्रमों में मुग्ध तो पहले भी हुए थे, लेकिन हदय की गहराई से मंत्र मुग्ध आज हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा भी उपस्थित रहे।

# बीईओ ने किया गोद स्कूल का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल**

खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोद, प्राथमिक विद्यालय गोद व अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने तथा सरकारी विद्यालयों में अधिक से अधिक छात्रों के नामांकन पर विशेष बल देते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना बहुत आवश्यक है। शिक्षक अपने शिक्षण कार्य से इस काम को बखूबी निभा सकते हैं।



**नारनौल।** विद्यालय स्टाफ की बैठक लेते बीईओ अशोक कुमार।

सरकारी विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों के नामांकन में विद्यालय स्टाफ सदस्य अपना पूर्ण सहयोग करें। सरकार की ओर से द्यालयों में दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं व सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाए, ताकि अभिभावकों का रुझान सरकारी विद्यालय की ओर बढ़े।

# एचकेआरएन कर्मचारी ऑनलाइन करवाएं पंजीकरण: उपायुक्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल।**

हरियाणा सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। श्रम विभाग अब हरियाणा एचकेआरएन से जुड़े कर्मचारियों को भी 21 कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देगा। इन सभी योजनाओं का लाभ पाने के लिए कर्मचारियों को पहले श्रम विभाग में अपना पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डा. विवेक भारती ने कहा कि इस योजना के दायरे में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत सभी प्रकार के कर्मचारी शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कोई कर्मचारी चाहे वे कॉन्ट्रैक्ट पर हों या स्थायी औद्योगिक श्रमिक, व्यापारिक प्रतिष्ठानों में काम करने वाले हों, विभिन्न निजी व सरकारी कार्यालयों में सेवाएं दे रहे हों या दुकानों आदि में कार्यरत हों, वे सभी इन योजनाओं के दायरे में आएंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य राज्य के श्रमिकों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि वे अधिक सम्मानपूर्वक और सुरक्षित जीवन जी सकें। उन्होंने बताया कि यह कदम राज्य में कार्यरत श्रमिकों के हित में एक मील का पत्थर साबित होगा और इससे लाखों कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही इससे एचकेआरएन के तहत काम कर रहे लोगों का मनोबल भी बढ़ेगा। सरकार का उद्देश्य है कि राज्य में कोई भी श्रमिक वंचित न रहे और उसे उसका हक व सामाजिक सुरक्षा पूरी तरह से प्राप्त हो। ऑनलाइन आवेदन http://hrylabour.gov.in वेबसाइट पर कर सकेंगे। इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800–180–2129 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ये हैं प्रमुख योजनाएं

डीसी ने बताया कि सरकार की ओर से रा श्रमिकों के बच्चों के लिए स्कूल की वर्दी, किताबें व कॉपी आदि खरीदने के लिए तीन से चार हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसी प्रकार श्रमिकों के बच्चों की खेलों के प्रति प्रतिभा को विकसित करने के लिए दो से 31 हजार रुपये व कन्यादान योजना के तहत 51 हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि श्रमिकों के बच्चों की सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रतिभा विकसित करने के लिए इस योजना के तहत दो हजार से 31 हजार रुपये, व्यावसायिक कोर्स के लिए कोचिंग योजना के तहत 20 हजार से एक लाख, छात्रवृत्ति योजना में 10 से 21 हजार रुपये, शगुन योजना के तहत 21 हजार रुपये का लाभ दिया जाएगा।

### लड़की होने पर 15 हजार दिए जाएंगे

उन्होंने बताया कि प्रसूति योजना के तहत लड़का होने पर 12 हजार रुपये व लड़की होने पर 15 हजार रुपये दिए जाएंगे। साइकिल योजना के तहत पांच हजार, चश्मा योजना के तहत 1500 रुपये, सिलाई मशीन योजना के तहत 4500 रुपये का लाभ दिया जाएगा। इसी प्रकार एलटीसी योजना के तहत 1500 रुपये का लाभ, श्रमिकों के किसी भी कारण से अपंगता होने पर एक लाख रुपये से लेकर तीन लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। डेंटल केयर के लिए चार से 10 हजार रुपये, तिपहिया साइकिल योजना के तहत सात हजार, शारीरिक व मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए 20 से 30 हजार रुपये प्रतिवर्ष वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि श्रवण मशीन योजना के तहत 10 हजार रुपये, कृत्रिम अंग लगाने के लिए साकेत अस्पताल पंचकूला की ओर से निर्धारित दरों के अनुसार मिलेंगे।


## हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर जताया आक्रोश

# प्राइवेट बस परमिट देने के विरोध में रोडवेज कर्मी, 24 घंटे की भूख हड़ताल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल**

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर बस अड्डे पर शुरू की गई 24 घंटे की हड़ताल गुरुवार दोपहर 12 बजे खत्म हो गई। अनशन पर बैठे हड़तालियों को पूर्व प्रधान राजेश डांगी ने जूस पिलाकर हड़ताल खत्म करवाई। अध्यक्षता डिपो प्रधान हंसराज यादव ने की। हड़ताल समाप्ति पर रोडवेज महाप्रबंधक अनीत यादव को मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा गया। भूख हड़लाल में शामिल कर्मचारी डिपो प्रधान सुरेश कुमार, उपप्रधान संजीत कुमार, सचिव मुकेश कलवाड़ी, राज्य प्रेस प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार, संगठन सचिव वीरेन्द्र कुमार, हवासिंह पालड़ी, डिपो प्रधान हंसराज यादव, यार्ड मास्टर सुरेन्द्र कुमार, महासचिव मनोज कुमार, प्रेस प्रवक्ता प्रवीण सैनी, कैशियर भगतसिंह, कृष्ण कुमार, संगठन सचिव कृष्ण कुमार, डाईवर हरिराम, डाईवर नीरसिंह, पूर्व प्रधान हवासिंह, कुलदीप पटीकरा व कर्मवीर गाहड़ा आदि शामिल रहे।

हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधान राजेश ढांगी व अन्य कर्मचारी नेताओं ने बताया कि गत 17 जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार उमाशंकर, परिवहन मंत्री असीम गोयल एवं रोडवेज विभाग के उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में यूनियन प्रतिनिधि मण्डल के साथ बैठक हुई थी, जिसमें कर्मचारियों की अनेक मांगों को जायज मानते हुए सहमति बनी थी। तब मीटिंग में मानी गई मांगों के परिपत्र जल्द जारी करके उन्हें लागू करने का भरोसा दिया था, लेकिन मानी गई मांगों के परिपत्र आज तक जारी नहीं किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों को आथिक नुकसान व अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर सरकार बिना किसी की मांग के 362 मार्गों पर प्राइवेट बस परमिट देने की योजना बना रही है, जो किसी भी तरह से न तो जनहित में है और न ही कर्मचारी हित में है। इसी तरह सरकार द्वारा घाटे का सौदा इलेक्ट्रिक बसे महंगी दरों पर ठेके पर ली हैं, जिसमें सरकार द्वारा दी जाने वाले फ्री व रियाती दरों पर मिलने वाली किसी भी प्रकार की सुविधा लागू नहीं है।





**नारनौल।** जूस पिलाकर भूख हड़ताल खत्म करवाते कर्मचारी नेता व रोडवेज महाप्रबंधक अनीत यादव को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### इन मांगों पर बनी थी सहमति

उन्होंने गत वर्ष 17 जुलाई को हुई बैठक के संदर्भ में बताया कि सरकार द्वारा जिन मांगों पर सहमति बनी थी, उन मुख्य मांगों में परिचालक, चालक, लिपिक का ग्रेड पे बढ़ाना, एक माह में चालक, परिचालकों के रात्रि ठहराव सरकार द्वारा 30 से घटाकर 10 सीमित कर दिए थे, उन्हें अब 25 तक करने, चालक, परिचालक, निरीक्षक, उप निरीक्षक व कर्मशाला के कर्मचारियों को एक वर्ष में मिलने वाले देय अर्जित अवकाश जो सरकार द्वारा 33 से घटाकर 18 किए थे, उन्हें अब 30 देय अर्जित अवकाश देने, वर्ष 2002 में भर्ती हुए चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करके पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने, वर्ष 2016 में सभी प्रकिया पूर्ण उपरांत भर्ती किए गए चालकों को पक्का करने, चालकों के लिए अड्डा इंचार्ज का नया पद सृजित करके प्रमोशन देने, विभाग में जोखिम भरी ड्यूटी करने वाले सभी कर्मचारियों को जोखिम भत्ता देने व एक्सग्रेसिया नीति में लगाई गई सभी शर्तों को हटाने, कर्मशाला में रिक्त पदों पर भर्ती करने, कर्मशाला में 2018 में लगे ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कडर से अलग करके उन्हें रिक्त तकनीकी पदों पर प्रमोशन देने, एचआरईसी गुड़गांव के कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारियों की तरह पूर्ण सेवा लाभ दने, रोडवेज विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पहचान पत्र से यात्रा न करने के अंकित शब्द को हटाने, गत 28 अक्टूबर 2005 से पहले जारी भर्ती प्रकिया के तहत विभाग में भर्ती हुए सभी पदों के कर्मचारियों को सरकार के जारी आदेशों अनुसार पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने, वर्ष 2008 में भर्ती हुए जिन परिचालकों/कर्मचारियों का एसीपी दिनांक: 01/01/2016 से 28/10/2016 के मध्य बनता हैं, उन्हें सरकार के पत्र क्रमांक:1/20 2016-3 पीआर दिनांक:08/06/2020 अनुसार वंचित परिचालकों/कर्मचारियों को एक स्पेशल वेतन वृद्धि देने आदि मांगों पर सहमति बनी थी। इसलिए सरकार कर्मचारियों की मांगों जल्द से जल्द समाधान करे। अन्यथा रोडवेज का कर्मचारी मजबूर होकर हड़ताल जैसे बड़े आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### ये रहे मौजूद

भूख हड़ताल में रामवीर यादव, रविंद्र छापडा, पूर्व प्रधान हवासिंह यादव, स्टेंड ईंचार्ज राजश कुमार, कुलदीप भगवाड़ी, सुशील डाईवर, नाजर अरविंद कुमार, अभय सिंह एवं विजय चेयरमैन आदि मौजूद रहे।



**नारनौल।** रेस्ट हाउस पार्क में मीटिंग करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# पीडब्ल्यूडी कर्मियों में रोष 28 से धरने की चेतावनी

- मीटिंग का संचालन सचिव अनिल कुमार ने किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल**

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्ट्रेशन नंबर 41 जिला कमेटी महेंद्रगढ़ की शाखा पीडब्ल्यूडी बीएंडआर की बैठक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन सचिव अनिल कुमार ने किया, जबकि अध्यक्षता प्रधान कपिल यादव ने की।

इस अवसर पर जिला प्रधान कौशल यादव, सचिव विजेंद्र शर्मा, कैशियर नरेंद्र कुमार, सहसचिव सतीश डेरोलिया, ब्रांच उपप्रधान कृष्ण यादव व सिंचाई विभाग के प्रधान अनिल कुमार मौजूद रहे। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य फील्ड कर्मचारियों की समस्या का समाधान न होने पर धरना प्रदर्शन करने बारे में था। फील्ड कर्मचारियों की समस्याएं लिखित व मौखिक तथा पत्राचार के माध्यम से कई बार कार्यकारी अभियंता को दिया जा चुका है, लेकिन कार्यकारी अभियंता व उनका कार्यालय कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने की बजाय कर्मचारियों का शोषण करने की नीति पर काम कर रहे हैं। पत्राचार के बाद इतना लंबा समय बीत जाने के बाद में न तो कार्यकारी अभियंता ने कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया और न ही संगठन के शिष्ट मंडल को बुलाकर बातचीत की गई। इस नकारात्मक रवैये से संगठन यह महसूस कर रहा है कि अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने की बजाय टरका रहे हैं। फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं होने से उनमें भारी रोष है, जिस कारण 25 अप्रैल तक या तो समस्याओं का समाधान कर दिया जाए अन्यथा संगठन मजबूर होकर एक्सन कार्यालय के समक्ष 28 अप्रैल से सुबह 10 बजे धरना–प्रदर्शन शुरू करेगा, जिस कारण सरकारी कार्य में जो भी बाधा होगी।

# एमएसएमई विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल**

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान हुआ। इस विशेषज्ञ व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों को लघु सूक्ष्म और मध्य उद्यम के बारे में विस्तार से जानकारी देना था, जिससे विद्यार्थी तकनीकी कोर्स पूरा करने के बाद आगे चलकर उद्यमी बन सकें। यह व्याख्यान गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में एमएसएमई की तरफ से आयोजित किया गया। एमएसएमई की तरफ से राहुल कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था में एमएसएमई महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे रोजगार सृजन, नवाचार और आर्थिक विकास में योगदान करते हैं। एमएसएमई देश के समग्र औद्योगिक विकास का आधार है। संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल कुमार यादव ने विद्यार्थियों को एमएसएमई की जानाकरी देते हुए कहा कि सरकार की नीतियों के अनुसार आसानी से उद्यमी बन सकते हैं और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस मौके पर विभाग अध्यक्ष विकास यादव, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल विनीत शर्मा, अमित शर्मा व विपुल शर्मा आदि समेत विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



**नारनौल।** पॉलिटेक्निक में विशेष व्याख्यान देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कम आयु में विवाह करना गैर जमानती अपराध: सरिता शर्मा

**नारनौल।** बाल विवाह रोकने को लेकर जिले में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है, तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है।

ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है, तो दो साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

# नशा न करने की दिलाई शपथ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गहली में सड़क सुरक्षा सुरक्षित वाहन पॉलिसी व नशा मुक्ति अभियान के तहत वीरवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डिवीजनल कमांडर टेकचंद यादव व ब्रिगेडियर ऑफिसर विजय सिंह ने बच्चों को शपथ दिलवाई और उक्त विषय को लेकर बच्चों को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संतोष देवी, रंजीता शर्मा, अशोक कुमार, बजरंग लाल, अर्चना नेहरा, सुनीता यादव, राजमती देवी, विनेश कुमारी, सतवीर, भूपेंद्र, सुभाष, ललित वर्मा, संजय, एबीआरसी महेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।



**नारनौल।** विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

केंद्रीय विद्यालय रघुनाथपुरा में भी सड़क सुरक्षा सुरक्षित वाहन पॉलिसी व नशा मुक्ति अभियान के तहत बच्चों को शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर डिवीजनल कमांडर टेकचंद यादव व ब्रिगेडियर ऑफिसर विजय सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा व सुरक्षित वाहन पॉलिसी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। समाज में हर रोज हजारों लोग यातायात दुर्घटनाओं में शिकार होते हैं, जिनसे कई लोग जान देते हैं। सड़क सुरक्षा के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं।



**महेंद्रगढ़।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए।

# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और उनके संघर्षों को याद किया

**महेंद्रगढ़।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद् और दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर यदुवंशी में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी शिक्षण और दार्शनिक योगदानों के लिए याद किया गया। उनके योगदान को याद करने के लिए विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी और निबंध-लेखन आदि गतिविधियां करवाई गई। इन सभी गतिविधियों का सफल आयोजन विंग हैड नवीन स्वामी के दिशा-निर्देशन में किया गया। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन केवल एक राजनीतिज्ञ की नहीं, बल्कि एक ऐसे शिक्षक थे जिसकी निष्ठा और समर्पण ने शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया।

## अधिकांश होटलों में संदिग्ध गतिविधियों की चर्चाओं पर पुलिस प्रशासन सख्त

# निर्धारित मापदंडों की अवहेलना पर कार्रवाई का अल्टीमेटम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नांगल चौधरी**

शहर के होटलों में संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतों पर पुलिस प्रशासन ने कड़ा संज्ञान लिया। वीरवार की सुबह कोटपूतली रोड पर स्थित होटलों में औचक छापेमारी की तथा बुकिंग रिजस्ट्रों को खंगाला, एंट्री किए गए आधार कार्डों में बुकिंग कर्ताओं की आयु जांची। इसके बाद संचालकों को नियमानुसार ही कमरे बुक करने की हिदायत दी। कोताही की पुष्टि हुई तो होटल को सील करके संचालक के खिलाफ केस दर्ज करने का अल्टीमेटम दिया। आपको बता दें कि नांगल चौधरी में करीब एक हजार दुकानदार हैं। जहां अधिकांश ग्राहक ग्रामीण परिवेश खरीदारी करते हैं। नगर पालिका का दर्जा तथा उपमंडल बनने के बाद शहर में सुविधाएं बढ़नी आरंभ हो गई। बीते पांच सात से होटलों का क्रेज भी बढ़ गया। जहां भोजन व विश्राम जैसी सुविधाओं का तर्क देकर बुकिंग की जाती है। ग्राहकों को लुभाने के लिए एसी और नॉन एसी कमरे बनाए गए है। ग्राहक अपनी पर्सनल्टी के अनुसार ही कमरा बुक करते हैं, लेकिन बीते दो तीन सालों से होटलों में अवैध गतिविधियों की चर्चाए जोरों पर हैं। प्रबुद्धजनों का कहना है कि सुबह नौ बजे बाद स्कूल या कॉलेज की छात्राएं अक्सर होटलों में एंट्री करती देखी जाती हैं। उनके मुंह पर कपड़ा लिपटा हुआ देखकर संदिग्ध माहौल बना रहता है। चर्चाओं को सही मानें तो शहर में करीब 15 होटल संचालित हैं। जहां दोपहर दो बजे तक लगभग सभी कमरे बुक रहते हैं। कुछ होटलों में नाबालिग छात्राएं भी प्रवेश करती हैं। जिनके मुंह पर कपड़ा लिपटा होने के कारण पहचान नहीं हो पाती।

प्रशासनिक निर्देशानुसार होटलों का जीएसटी पोर्टल पर पंजीकरण होना जरूरी है। इसके अलावा फायर सेफ्टी, सीसीटीवी कैमरे तथा फूड सप्लाई विभाग से अप्रुवल होनी चाहिए।



**नांगल चौधरी।** औचक छापेमारी के दौरान होटल में रिकॉर्ड का औचक निरीक्षण करती पुलिस।

### कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी पुलिस

थाना इंचार्ज छत्रपाल चौधरी ने बताया कि प्रबुद्धजनों की शिकायत पर शहर के सभी होटलों में औचक छापेमारी की तथा रिकॉर्ड का अवलोकन किया। फिलहाल परिस्थिति में अनियमिताओं की पुष्टी नहीं हुई, साथ संचालकों को सभी मानक पूरे करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस की ओर से औचक छापेमारी का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि किसी भी नाबालिग को कमरा देना तथा अवैध आईडी का इस्तेमाल किया, तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।